Seventeenth Loksabha

span>

Title : To make laws to control population

श्री सत्यदेव पचौरी (कानपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान इस देश में बढ़ती हुई जनसंख्या की ओर दिलाना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय, जिस तेजी से देश की जनसंख्या बढ़ रही है, उसी तेजी से देश के संसाधन सिकुड़ रहे हैं। हमारे यहाँ खेती की जमीन सीमित है, आवास की जमीन सीमित है, जल के संसाधन सीमित है। इससे बरोजगारी बढ़ेगी और रहने की समस्या भी बढ़ेगी।

अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए परामर्श करके कानून बनाया जाए। पूर्व में भी इस बात की माँग रही है।